आईसीएआर-सीफेट और अहमदगढ़ के उभरते उद्यमी श्री परमजोत सिंह के बीच मसाला प्रसंस्करण की इन्क्यूबेशन के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए

कृषि व्यवसाय, व्यापार क्षेत्र जिसमें खेती और खेती से संबंधित व्यावसायिक गतिविधियाँ जैसे की उत्पादन, प्रसंस्करण और वितरण आदि सभी आवश्यक कदम शामिल हैं। लेकिन जागरूकता के अभाव में ग्रामीण युवाओं को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, ABI परियोजना के तहत, ICAR-CIPHET लुधियाना चयनित तकनीकों के लिए इन्क्यूबेशन सुविधाएं प्रदान कर रहा है। अहमदगढ़ आधारित युवा उद्यमी श्री परमजोत सिंह ने अच्छी गुणवत्ता वाले पाउडर के लिए मसालों को संसाधित करने के लिए आईसीएआर-सीफेट से संपर्क किया। 05 अप्रैल 2023 को इसके लिए आईसीएआर-सीफेट और श्री परमजोत सिंह के बीच मसाला प्रसंस्करण के इन्क्यूबेशन के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। आयोजन के दौरान, डॉ नचिकेत कोतवालीवाले (निदेशक आईसीएआर-सीफेट), श्री जितेंद्र कुमार, अनुभाग अधिकारी आईपीटीएम, नई दिल्ली, डॉ. रंजीत सिंह (पीआई एबीआई), डॉ. रेणु बालकृष्णन (आई/सी आईटीएमयू) और इंजी. अलका शर्मा (आरए) उपस्थित डॉ. नचिकेत कोतवालीवाले ने उन्हें आश्वासन दिया कि इनक्यूबेशन के सफल समापन के बाद कृषि व्यवसाय इकाई की स्थापना और स्टार्ट-अप के लिए हर संभव मदद की जाएगी।